## स्वच्छता शपथ

दिनांक 19 मार्च 2020 को एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत स्वच्छता शपथ ग्रहण की गई। इस गतिविधि के प्रभारी श्री प्रदीप राम टी.जी.टी. हिंदी थे। इसमें कक्षा आठवीं और ग्यारवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस शपथ में विद्यार्थियों और अध्यापकों ने अपने आस-पास की स्वच्छता को बनाए रखने का संकल्प लिया और अन्य लोगों को भी स्वच्छता अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। इस समारोह में कुल 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें 20 छात्राएं और 25 छात्र उपस्थित थे। सभी ने मिलकर निम्न स्वच्छता-शपथ का संकल्प लिया :-

## स्वच्छता शपथ

महात्मा गाँधी ने भारत का सपना देखा जो न केवल मुक्त बल्कि स्वच्छ और विकसित भी था।

महात्मा गांधी ने मदर-इंडिया के लिए आजादी हासिल की अब देश को साफ रखकर मदर इंडिया की सेवा करना हमारा कर्तव्य है।

मैं यह प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहूंगा और इसके लिए समय समर्पित करूंगा।

मैं स्वैच्छिक रूप से सफाई के लिए काम करने के लिए प्रति सप्ताह दो घंटे समर्पित हूं जो प्रति सप्ताह दो घंटे है।

मैं न गंदगी करूंगा न किसी को करने दूंगा।

सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूंगा।

मैं यह मानता हूं कि दुनिया में जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं।

इस विचार के साथ मैं गाँव-गाँव और गली-गली

स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा ।
मैं आज जो शपथ ले रहा हूँ, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊँगा ।
वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूँगा ।
मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा ।

जय हिंद




प्रभारी

प्राचार्य